Navbharat Times
19th Sep. 2024
Page No. 12

शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल से प्रफेशनल्स भी कर रहे कोर्स

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कौशल विकास (स्किलिंग) के कोर्सेज की मांग को देखते हुए छह महीने पहले SWAYAM Plus Portal (https://swayam-plus.swayam2.ac.in/) की शुरुआत की थी, जिस पर 320 लाइव कोर्सेज हैं। मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि इस प्लैटफॉर्म पर अभी तक 1.10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 78 प्रतिशत नॉन-मेट्रो सिटी से हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वालों में से 22% प्रफेशनल्स हैं। नॉन मेट्रो शहरों से स्किल कोर्सेज करने वालों की संख्या ज्यादा है और उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर रोजगारपरक कोर्सेज करने के मौके मिल रहे हैं। सामान्य डिग्री कोर्स करने के साथ ही छात्र इस पोर्टल पर कौशल विकास से जुड़े कोर्स कर रहे हैं।

छह महीने पहले लॉन्च हुआ था स्वयं प्लस पोर्टल

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने निर्देश दिया है कि स्वयं प्लस पोर्टल पर नए कोर्सेज को जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी रहे। इंडस्ट्री में जिन कोर्सेज की मांग बढ़ रही है, उन सभी कोर्सेज को स्वयं प्लस पोर्टल पर लाया जाए। इस पोर्टल के जरिए वोकेशनल एजुकेशन की पहुंच उन शहरों के छात्रों तक भी पहुंच रही है, जिनके पास अवसरों की कमी होती है।

मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि शिक्षा मंत्री के निर्देशों के मुताबिक स्वयं प्लस पोर्टल पर नियमित रूप से नए कोर्स के विकल्प दिए जा रहे हैं। इससे पहले मंत्रालय ने स्वयं पोर्टल शुरू किया था, जिस पर बड़े-बड़े संस्थानों से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते थे। स्वयं पोर्टल पर 2023-24 में 7.5 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए, जो पहले की तुलना में 21 प्रतिशत ज्यादा थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 27 फरवरी 2024 को लॉन्च किए गए स्वयं प्लस पोर्टल के लिए शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास ने 55 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया है।